खबर संक्षेप

## स्वास्थ्य शिविर में 341 महिलाओं की हुई जांच



**उमरियापान।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं और किशोरियों के लिए विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जिला चिकित्सालय से महिला रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता एवं लैब यूनिट टीम मौजूद रही। शिविर में 341 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें से 71 लोगों की ब्लड जांच की गई। इस मौके पर डॉ. अजय सोनी,शुशांक चौरसिया, देवेन्द्र गौतम, जयप्रकाश दाहिया, नयन दुबे,पंकज असाटी सहित दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया गया। बीएमओ डॉ. बी.के. प्रसाद ने बताया कि शिविर में गर्भवती महिलाओं की जांच, टीबी जांच, किशोरियों का हीमोग्लोबिन परीक्षण, हाइपरटेंशन और शुगर की जांच, टीकाकरण के साथ आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। शिविर में डॉ. अजय सोनी, डॉ. सुनील आस्के, डॉ. विकास सिसोदिया, डॉ.वर्षा तुमकाम,राजेश सिंह,संजय द्विवेदी, रजनीश विश्वकर्मा, मनोज पसारे, अशोक इन्दौरिया, सोनेलाल चक्रवर्ती सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित रहा।

## दुर्गा पंडालों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया पोषण का महत्व



**उमरियापान।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने विशेष पहल करते हुए उमरियापान के दुर्गा पंडालों में पहुंचकर महिलाओं को पोषण के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संतुलित आहार और एनीमिया से बचाव पर जानकारी दी। आगनवाड़ी कार्यकर्ता भारती चौरसिया, मंत्री श्रीवास, संगीता चौरसिया और मीना गुप्ता ने गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और किशोरी बालिकाओं के लिए आवश्यक पोषण पर जोर देते हुए कहा कि संतुलित भोजन से न केवल मां और बच्चे का स्वास्थ्य बेहतर रहता है, बल्कि कुपोषण की समस्या को भी रोका जा सकता है। उन्होंने महिलाओं को हरी पत्तेदार सब्जियों, दालों, अनाज, दूध एवं फलों को नियमित आहार में शामिल करने की सलाह दी गई। साथ ही अति-पोषक तत्वों से युक्त आहार लेने और स्वच्छता बनाने पर भी जागरूक किया गया।

## छात्रों के साथ श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश



**कटनी।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में नगर निगम द्वारा रोजाना विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाकर जन सामान्य को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के प्रयास किये जा रहे है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन ने बताया कि नगर निगम के नियुक्त एजेंसी की टीम के माध्यम से शुक्रवार को आचार्य विनोबा भावे वार्ड स्थित अनामिका एकेडमी स्कूल में छात्र छात्राओं के साथ स्वच्छता श्रमदान करते हुए स्वच्छता बनाये रखने का संदेश दिया गया। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपने स्कूल प्रांगण में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही स्वच्छता की एडवोकेसी एवं स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन कर बच्चों में स्वच्छता की आदत विकसित करने कहा।

# सोना व चांदी के भाव अब तक की सर्वाधिक ऊंचाई पर, दीवाली तक और भी बढ़ सकते हैं दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सोना व चांदी की कीमतों में लगातार उछाल आ रहा है। दिनोंदिन कीमतें नया रिकार्ड बना रही है, सोने और चांदी के भाव अब तक की सर्वाधिक ऊंचाई पर पहुंच चुके हैं, सोना व चांदी के भाव बढ़ने से खरीदारी में नया ट्रेंड भी देखने को मिल रहा है, सोने व चांदी की बढ़ती कीमतों को देखते हुए ग्राहक शगुन की एडवांस बुकिंग में जुटे नजर आ रहे हैं। वर्तमान में बाजार भाव में अनिश्चितता बनी हुई है। कीमतों में हर दिन तेजी आ रही है। लिहाजा ग्राहक भी चतुराई दिखाते हुए अभी से शुभ मुहूर्त के लिए सोना-चांदी के गहनों की बुकिंग करवा रहे हैं, ताकि यदि आने वाले दिनों में भाव बढ़ते भी है तो उनके बजट पर असर न पड़े।

अमूमन हर साल नवरात्र से लेकर दिवाली तक बाजार दमक उठता है। इस दौरान जमकर खरीदी होती है। अधिकांश लोग शुभ मुहूर्त में शगुन का सोना-चांदी लेते हैं। खासकर धनतेरस से लेकर दिवाली तक सोना चांदी का कारोबार काफी बेहतर होता है। इस बार भी व्यापारी जोरदार खरीदारी की उमीद लगाए हैं। चूंकि कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में ग्राहकी अभी से शुरू हो गई है। लोग वर्तमान कीमत पर ही सोने और चांदी के गहने की एडवांस बुकिंग कर रहे हैं। यह एक नई तरह का ट्रेंड है। इससे ग्राहकों को तो फायदा होगा ही, साथ में सराफा कारोबारियों को भी लाभ मिलेगा। सोने की कीमतों ने अब तक की सर्वाधिक ऊंचाई 1 लाख 19 हजार रूपए का आंकड़ा पार कर लिया है जबकि चांदी की कीमत भी 1 लाख 38 हजार प्रति किलो पर आ गई। यदि सालभर के आंकड़े देखें तो जनवरी में सोने की कीमत 78 हजार 500 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। इस लिहाज से सोने में निवेश करने वालों को 66.58 प्रतिशत का मुनाफा हुआ। इसी तरह जनवरी में चांदी की कीमत 89 हजार 300 रुपए प्रति किलो थी। चांदी में निवेश करने वालों को 64.47 प्रतिशत शुद्ध लाभ हुआ। जनवरी से लेकर अब तक सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तेजी आई है।

एक्सपर्ट का मानना है कि वैश्विक बाजार में उथल-पुथल से कीमतें बढ़ रही है। सराफा कारोबारियों के अनुसार वर्तमान में सोने और चांदी की कीमत अब तक की सर्वाधिक ऊंचाई पर पहुंच गई है। सोने के भाव में लगातार तेजी के बावजूद निवेशकों का रुझान बढ़ रहा है। इस बार शेयर बाजार में भारी अनिश्चितता बनी रही। कई निवेशकों की रकम डूब गई और भारी घाटा झेलना पड़ा। इसके विपरीत जिन लोगों ने सोने और चांदी में निवेश किया था, उनकी बल्ले-बल्ले हो गई। यही वजह है की कीमतों में उछाल के बावजूद सोने और चांदी में निवेश करना सबसे बेहतर विकल्प माना जा रहा है। सोने की लगातार बढ़ोतरी कीमतों के चलते बड़ी संख्या में ग्राहकों को 22 या 18 कैरेट की ज्वेलरी की खरीद से दूर कर दिया है। उनके लिए 9 कैरेट की ज्वेलरी बेस्ट बनकर उभरी है। इससे आम आदमी के लिए भी सोने के आभूषण खरीदना अब संभव हो गया है। इससे ग्राहक कम बजट में भी सोने की खूबसूरती का आनंद ले सकते हैं। सोना-चांदी दोनों के भाव रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह रुकने वाला भी नहीं है। लोग अंदाज लगाकर बैठे हैं कि इतना ऊंचा भाव आया है तो घटेगा भी सही, लेकिन परिस्थितियां इसके उलट होती जा रही हैं। भाव लगातार बढ़ रहे हैं। जिस गति से भाव बढ़ रहे हैं इससे आम जनता ने मान लिया कि यह तेजी अभी जारी रहेगी इसलिए खरीदी करने आने लगे हैं।

### थोक दुकानदार भी पुराने बिल पर फुटकर विक्रेताओं को थमा रहे सामान

# फिलहाल आम उपभोक्ताओं से दूर है दामों में जीएसटी की कटौती का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सरकार ने आम उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से भले ही जीएसटी की दरों को घटाकर सोमवार से लागू भी कर दी हैं, लेकिन वर्तमान में अभी आम उपभोक्ता को घरेलु सामान पर हुई जीएसटी कटौती का लाभ नहीं मिल रहा है। आम उपभोक्ता जो हर दिन जरूरत के सामान की खरीदी करता है, उसे फिलहाल इसका कोई लाभ मिलता नहीं दिखाई दे रहा है, इसके लिए शायद कुछ और दिनों का इंतजार करना पड़ सकता है। बताया जाता है कि इसका कारण यह कि ऐसे उपभोक्ता छोटी फुटकर दुकानों से सामान की खरीदी करते हैं, ऐसे दुकानदार होल सेलर को पुरानी दर पर जीएसटी का भुगतान कर सामान खरीदकर लाए हैं, उन्हें नई दर के हिसाब से रेट कम कर बेचने में डर है कि होलसेलर उन्हें रिबेट नहीं देगा। ऐसे में वह पुरानी दर से ही सामान बेच रहा है। जीएसटी की नई दरें लागू होने के पहले दिन से ही ऑटोमोबाइल सेक्टर में उपभोक्ता को लाभ मिलना शुरू हो गया है। इस क्षेत्र में ग्राहकी भी तेजी से बढ़ी है। अब छोटे ग्राहक और छोटे दुकानदार नई प्रिंट का सामान आने का इंतजार कर रहे हैं।

हालांकि नियमानुसार पहले दिन से ही उन वस्तुओं के बाद कम हो जाना चाहिए था, जिन पर सरकार ने जीएसटी में कटौती की है। विशेषज्ञ भी यही कह रहे हैं। फुटकर दुकानदार को अतिरिक्त लाभ पुरानी और नई दर के बीच फुटकर दुकानदारों को फायदा है। 50-100 रुपए का सामान खरीदने वाले लोग बिना पूछताछ के पैसे देकर सामान खरीद रहे हैं, जबकि दुकानदार अपने होलसेलर से पुरानी दर के सामान पर बिल के मान से रिबेट लेने का हकदार है। ऐसे में उसे फायदा ही फायदा है। यहां उपभोक्ता को जागरूक होने की जरूरत है। उसे दुकानदार को खरीदे गए सामान पर नई दर के हिसाब से भुगतान करना चाहिए। होल सेलर जीएसटी रिबेट की माथा पच्ची से बचने के लिए फुटकर विक्रेता को पुरानी तारीख में बिल बनाकर सामान थमा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के छोटे दुकानदार इस पर सवाल भी नहीं कर रहे हैं। जिला मुख्यालय पर ही बाजार में ऐसे कई दुकानदार हैं, जो ग्रामीण दुकानदारों को थोक में सामान बेचते हैं। ऐसे दुकानदार अपना माल जल्द खपाने की जुगत में हैं। हालांकि बड़े डीलर जो कंपनी के सॉफ्टवेयर पर बिलिंग करते हैं, उन्हें रिबेट की कोई झंझट नहीं है, इसलिए वे पहले दिन से नई दरों पर बिलिंग कर रहे हैं। जीएसटी की नई दरें लागू होते ही हर दुकानदार को उसका पालन करना चाहिए। ग्राहक चाहे सौ रुपए का ही सामान ले, लेकिन उसे नई दर के हिसाब से ही भुगतान करना चाहिए। यदि दुकानदार सामान पर पुरानी दर प्रिंट होने का हवाला देता है, तो उसे बताना चाहिए कि वह होल सेलर से कर में आए अंतर को वसूल कर सकता है। इस मामले में उपभोक्ता को जागरूक होना पड़ेगा। नई दरों के हिसाब से सामान प्राप्त करना उसका अधिकार है।

# थाना प्रभारी पर पैसे लेकर अपराधियों को बचाने का आरोप



एसपी से लगाई गुहार, परिजनो की जान का बताया खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरही थाना क्षेत्र से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत करते हुए बताया कि बरही थाना प्रभारी द्वारा पैसे लेकर आरोपियों को बचाया जा रहा है, जिससे उसकी जान को खतरा है, पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाते हुए मामले की जांच करा न्याय दिलाने की मांग की है।

बताया जाता है कि ग्राम करौदीखुर्द निवासी मुन्नी बाई ने अपनी बेटी की हत्या के मामले में बरही थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि थाना प्रभारी ने पैसे लेकर आरोपियों को बचाने का काम किया और अब तक मामले में न तो एफआईआर दर्ज की गई और न ही कोई ठोस कार्रवाई हुई है। इससे पूरे परिवार में आक्रोश और भय का माहौल है। मुन्नी बाई के अनुसार 7 सितंबर 2025 को आरोपियों ने मिलकर उनकी बेटी फूला बाई की हत्या कर दी और शव को कुएं में फेंक दिया। यह घटना बेहद अमानवीय और दर्दनाक थी। फूला बाई साधारण महिला थी, जो अपने परिवार का भरण-पोषण करती थी। उसकी मौत से पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। पीड़ित मां मुन्नी बाई ने एसपी कार्यालय में लिखित शिकायत सौंपी है। मुन्नी बाई ने कहा कि यदि आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो उनके परिवार के लोगों पर भी जान को खतरा बना रहेगा, परिवार भय व दहशत के माहौल में रहने मजबूर हो रहा है।

**33 सौ रूपए का जुर्माना, 10 मवेशी कांजी हाउस शिफ्ट**

# सड़क पर पालतू पशुओं को छोड़ने वाले 7 पशुपालकों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर की सड़कों पर पालतू पशुओं को बेसहारा छोड़ने वाले पशुपालकों पर नगर निगम ने शिकंजा कस लिया है। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सार्वजनिक मार्गों में आवारा विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने हेतु निगर निगम द्वारा रोजाना अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत हांका गैंग द्वारा माधव नगर, कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने व झिंझरी क्षेत्र में अभियान चलाकर 10 आवारा मवेशियों को कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही सार्वजनिक मार्गों में पालतू पशुओं के विचरण करते पाए जानें पर 7 पशुपालकों पर 3300 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। पशुपालकों को मवेशियों को पुनः मार्ग पर ना छोड़ने की हिदायत दी गई।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि आवारा मवेशियों को पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाकर सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा सख्त निर्देश दिए गए हैं। जिसके अनुपालन में निगम की हांका टीम रोजाना शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ आवारा मवेशियों को काऊ केचर वाहन के माध्यम से पकड़कर कांजी हाउस तथा गौशाला भेजने की कार्यवाही गई, इसके साथ ही मुख्य मार्गों में विचरण करने वाले आवारा मवेशियों को हांका लगाकर शहरी सीमा के बाहर छोड़ने का कार्य भी निरंतर जारी है। नगर निगम प्रशासन द्वारा पशुपालकों को अपने पालतू पशुओं को सार्वजनिक मार्गों में ना छोड़ने की समझाइश दी गई है। पालतू मवेशी सार्वजनिक मार्गों में आवारा रूप से विचरण करते पाए जाने पर संबंधित पशुपालकों पर वैधानिक एवं जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। जिसकी समस्त जवाबदारी संबंधित पशुपालक की होगी।

# बड़ी माई को लाल व महाकाली को चढ़ाई काले रंग की 211 मीटर लंबी चुनरी, भक्ति में झूम उठा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



शारदेय नवरात्रि पर्व की पंचमी तिथि पर शुक्रवार को उमरियापान में भक्तिभाव और आस्था से ओतप्रोत विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। मचखण्डा मोहल्ला स्थित बड़ी माई मंदिर से शुरू हुई चुनरी यात्रा बैंड-बाजों की गूंज के साथ कटरा बाजार, न्यू बस स्टैंड, झंडा चौक से होकर स्लीमनाबाद मार्ग स्थित बड़ी माई मंदिर पहुँची, जहाँ श्रद्धालुओं ने मातारानी को 211 मीटर लंबी लाल रंग की चुनरी अर्पित की। इसके बाद चुनरी यात्रा पुनः बड़ी माई मंदिर से शुरू हुई चुनरी यात्रा झंडा चौक, बस स्टैंड, बावली मंदिर होते हुए चंडी माता मंदिर पहुँची। यहाँ पर विराजी महाकाली माता को भक्तों ने 211 मीटर लंबी काले रंग की चुनरी अर्पित कर पूजा-अर्चना की। यात्रा में मां अंबे की जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र रही। महिलाएं और युवतियां सिर पर कलश रखकर चल रही थीं, जबकि श्रद्धालु भाव खेलते और दंड भरते हुए माता के दरबार तक पहुँचे। चुनरी यात्रा में विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रवासी शामिल हुए। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी बल सहित व्यवस्था में मौजूद रहे। मातारानी के भक्त प्रमोद असाटी, अतुल असाटी सहित आयोजनकर्ताओं ने बताया कि पिछले चार वर्षों से नवरात्रि पर्व पर यह विशाल चुनरी यात्रा निकाली जा रही है।

### सौ पुत्रों के समान है एक वृक्ष, पौधारोपण से भावी पीढ़ी होगी सुरक्षित

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण







हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

हमें पेड़ की छांव चाहिए तो पौधे लगाने के लिए भी आगे आना चाहिए। इससे पर्यावरण की रक्षा भी हो सकेगी। पौधों से पर्यावरण भी शुद्ध भी रहेगा। हमें साफ हवा भी मिल सकेगी। वर्तमान में पेड़ बचाना बहुत जरूरी हो गया है। अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए लोग लगातार पेड़ काटे जा रहे हैं लेकिन उनकी जगह नए पेड़ नहीं लगा रहे हैं। पर्यावरण की रक्षा को लेकर सभी को पौधे लगाने के लिए आगे आना चाहिए। पर्यावरण को स्वस्थ और सुंदर बनाए रखने के लिए सभी का सामूहिक प्रयास आवश्यक है। उक्त बाते खेल समन्वयक चेतना झा ने स्लीमनाबाद स्थित आदर्श विद्यापीठ स्कूल मे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत मे पौधेरोपण कार्यक्रम मे कही। उन्होने कहा कि हम जन्मदिन एवं किसी शुभ अवसर पर इस बात का संकल्प लें कि ऐसे विशेष अवसरों पर पौधरोपण जरूर करेंगे। इससे हमें यह सीख भी मिलेगी कि हमारा जीवन भी फूल की तरह सदैव खिलता रहे। पौधरोपण करने से ही प्रदूषण कम हो सकेगा। इस दौरान पूजा शंकर पटेल,नीलम हल्दकार, संतोष कुमार, रुक्मणि झारिया सहित स्कूल स्टॉफ व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। वहीं खेल विभाग के द्वारा बच्चन नायक वृद्ध आश्रम में सेवा पखंवाडा के अंतर्गत सेवा कार्य फल आदि प्रदान किया गया तथा भजन कार्यक्रम वृद्ध जानो के साथ किया गया। इस दौरान चंदन चक्रवर्ती, श्रद्धा पांडे, रेखा पटेल, चेतना झा, उमा चढ़ार, वीरेंद्र पांडे, दिनेश कनोजिया आदि की उपस्थिति रही।

**सांदीपनि स्कूल में कार्यक्रम**

सेवा पखवाडा अभियान के तहत खेल विभाग के द्वारा सांदीपनि स्कूल मे स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वच्छता रैली निकाल स्वच्छता की अलख जगाई गईं। साथ ही वृहद रूप पर साफ सफाई के लिए श्रमदान किया गया। खेल समन्वयक चेतना झा के द्वारा अभियान के तहत स्वच्छता से होने वाले फायदों के बारे मे बतलाया गया। इस दौरान प्राचार्य डी के ठाकुर, उइके मेडम, मल्लिका खान, राकेश कुमार, कृष्णा दुबे,अंजलि बागरी, नेहा अग्रवाल, कल्पना देवी गराड़ी, गुरु प्रसन्न बैरागी, दीपिका तिवारी, पंकज कुशवाहा, धीरेन्द्र पांडेय, एसएन तिवारी, सविनय तिवारी, जीतेन्द्र पटेल, ब्रजेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## 29 सितंबर से नए भवन में शुरू हो जाएगा एसडीएम व तहसील कार्यालय का संचालन



**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 18 सितंबर को लोकार्पित किए गये कटनी के नवीन संयुक्त तहसील कार्यालय भवन में 5 प्रमुख राजस्व कार्यालयों का संचालन सोमवार 29 सितंबर से शुरू हो जाएगा। यह नवीन भवन औद्योगिक क्षेत्र अमकुही झिंझरी स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय के पास स्थापित है। नवीन संयुक्त तहसील कार्यालय भवन में एस.डी.एम. कार्यालय कटनी, तहसीलदार कटनी नगर, तहसीलदार कटनी ग्रामीण, नायब तहसीलदार मुडवारा-2 (मझगवां-कन्हवारा) एवं नायब तहसीलदार पहाड़ी के कार्यालयों का संचालन होगा। बताते चलें कि करीब 6 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत से बना यह नवीन संयुक्त तहसील भवन अत्याधुनिक और सर्व सुविधायुक्त भव्य भवन है।

# पूरी तरह सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने आज होगा धरना प्रर्दशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समाजवादी रघु ठाकुर के नेतृत्व में सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए धरना धरने की तैयारियां की जा रही हैं। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी पार्टी संरक्षक रघु ठाकुर धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे साथ ही निजीकरण के गुण दोष पर चर्चा करने राजकुमार सिन्हा जबलपुर डा घनश्याम वर्मा हरपालपुर से भी धरने सह भागिता करेंगे। मध्य प्रदेश सरकार ने जब यह घोषणा की थी कि कटनी में सरकारी मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा तो कटनी की जनता ने भारी खुशियां मनाई थी परंतु मध्यप्रदेश सरकार ने कटनी के साथ छलावा करते हुए पीपीपी आधार पर मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा कर दी है,यानी एक प्रकार से निजी पूंजी के सहयोग में है। जहां-जहां भी पीपीपी मॉडल के प्राइवेट कॉलेज खोले गए हैं उनका अनुभव आपके भी सामने है और हमारे भी सामने है। सरकारी अस्पताल जिला चिकित्सालय है वह प्राइवेट हाथों में चला जाएगा, जमीन भी चली जाएगी और कुल मिला करके एक आम आदमी के लिए जो इलाज की सुविधा है वह भी नहीं मिल पाएगी। एक प्रकार से यह अप्रत्यक्ष निजीकरण है। और कुछ अर्थों में तो उससे भी बदतर है। जिलेवासियों को इस बात का भी खेद है कि मुडवारा विधायक संदीप जायसवाल ने सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए अनुरोध किया था और विधानसभा में भी कहा था ऐसा उन्होंने स्वतः कहा है, पत्रकार वार्ता में कहा है। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी पीपीपी मॉडल का विरोध करती है और मध्यप्रदेश सरकार से मांग करती है की पूर्ण रूप से सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले ताकि जनता को निशुल्क और बेहतर सेवाएं मिल सके। 27 सितम्बर को सुबह 11 बजे खिरहनी पुलिस चौंकी से कटनी विधायक निवास पहुंच कर उन्हें आन्दोलन का समर्थन करने आमंत्रित करते हुए हीरागंज, सुभाष चौक होते हुए पैदल मार्च कर प्रदर्शन कारी कचहरी चौक पहुंच कर धरना शुरू करेंगे।

# ग्रामीण अंचलों में जगह-जगह विराजी मां आदिशक्ति के विभिन्न रूपों के दर्शन करने उमड़ रहे श्रृद्धालुगण, हो रहे विभिन्न आयोजन


उमंग नगर बड़वारा में विराजी माँ जगत जननी की प्रतिमा


नवीन चौक दुर्गोत्सव समित बड़वारा में स्थापित माँ अंबे रानी


झंडा बाजार बड़वारा में विराजमान माँ भवानी की प्रतिमा


भारत नगर सिलौंड़ी में बिराजी माँ अष्टभुजा रूपी जगदम्बे


झंडा चौक सिलौंड़ी में विराजमान माँ शेरोवाली की भव्य प्रतिमा


कछियाना मोहल्ला सिलौंड़ी में विराजमान माँ जगदम्बा

## खबर संक्षेप

### भगवान राम व सीता की निकाली भव्य शोभा यात्रा



**बड़वारा।** स्थानीय रामलीला मैदान से भगवान श्रीराम व माता सीता की भव्य बारात परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ निकाली गई। बारात में शामिल रथ, झांकियाँ और वाद्ययंत्रों की गूंज से नगर का माहौल भक्तिमय हो उठा। जैसे ही शोभायात्रा मुख्य मार्ग से गुजरी, श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया।भक्तों की ओर से जय श्रीराम और सीता माता की जय जयकार से नगर गुंजायमान हो गया। महिलाओं और बच्चों ने रंग-बिरंगी वेशभूषा में भाग लेकर कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ा दिया। झांकियों में राम-सीता विवाह के दृश्य, भगवान हनुमान की अद्भुत झलक और पारंपरिक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। स्थानीय ग्रामीणों के उत्साह और श्रद्धा ने इस धार्मिक आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।बारात में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह,थाना प्रभारी केके पटेल, सतीश द्विवेदी,केतन गर्ग,विनोद यादव, ओमकार सिंह, गोसलपुर रामलीला के महंत एवम ग्रामवासी शामिल हुए।

### कन्याओं का सम्मान कर दिए गए उपहार



**कटनी।** सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी के नेतृत्व में शारदेय नवरात्र की पावन अवसर पर कन्याओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर अंकिता तिवारी, ज्योत्सना सोनी, आरती श्रीवास्तव, पलक मिश्रा सहित सभी कन्याओं को मुकुट माला पहनाकर तिलक लगाते हुए उपहार भेंट कर सम्मानित किया । बीके लक्ष्मी ने कहा कि भारत आध्यात्म प्रधान देश है जिसकी श्रेष्ठ सम्पत्ति संस्कृति हमारे त्योहारों में झलकती है,नवरात्रि में लोग देवियों का पूजन करते हैं, इसके साथ ही कलश स्थापना, व्रत उपवास तथा कन्या पूजन करने की परम्परा है। जिस घर में कन्याओं तथा नारियों का सम्मान होता है वहीं देवता निवास करते हैं, अर्थात उस परिवार में दिव्यता आ जाती है, हर घर धन धान्य से सम्पन्न हो जाता है। परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कन्याओं का पूजन अर्चन कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर दुर्गा दीदी, मंगला बहन, गौरा माता, रानी शर्मा, अनीता दीदी, नेहा बहन, ज्योति बहन, तृप्ति बहन, प्रियंका बहन आदि की मौजूदगी रही।

### सेवा पखवाड़ा में दिया स्वच्छता का संदेश

**सिलौड़ी।** कछार गांव बड़ा में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी,सरपंच कैलाश चंद्र जैन,पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय,जनपद पंचायत सी आई युजुनवेंद्र कोरी ने नमो पार्क के पास झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया । विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने सभी प्रतिनिधी के साथ एक पेड़ मां के नाम पर नमो पार्क में एक पौधा लगाकर साथ ही आंगन वाडी कार्यकर्ता के पोषण आहार की प्रदर्शन का अवलोकन किया, साथ ही स्वच्छता की शपथ दिलाई।

### कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध में आयोजित प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम को कलेक्टर ने किया संबोधित

# प्राकृतिक खेती के लिए प्रशिक्षित हुई 50 कृषि सखिंया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध में आयोजित कृषि सखियों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि कृषि सखियां किसानों और खेतों तक प्राकृतिक खेती की तकनीकों को पहुंचाकर, अपने गांव और समाज में प्राकृतिक खेती की अग्रदूत बनें। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादित जैविक फसलों, सब्जियों आदि की बाजार में काफी मांग होने से कीमत भी अच्छी मिलती है।

कलेक्टर तिवारी ने रासायनिक उर्वरकों के खेती में बढ़ते प्रयोग से धरती की घटती उर्वरा क्षमता और उत्पादित फसलों में केमिकल तत्वों की वजह से होने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुये कलेक्टर ने कहा कि ऐसे समय में प्राकृतिक खेती कहीं अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने कृषि सखियों से संवाद करते हुये पशुपालन, प्राकृतिक खेती कर फसल और सब्जी-भाजी उगाने वाली कृषि सखियों की हौसलाअफजाई किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती की शुरूआत में उत्पादकता कम होती है, इसलिए अपनी जमीन के एक भाग में प्राकृतिक खेती करें। फसलों में जीवामृत, ब्रहास्त्र जैसी जैविक दवाइयों का उपयोग करें। कलेक्टर ने कृषि सखियों के आग्रह पर मनरेगा योजना से वर्मी पिट बनवाने की बात कही।

कलेक्टर तिवारी ने कहा कि प्राकृतिक खेती किसानों की आय बढ़ाने, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और सुरक्षित खाद्य उत्पादन का प्रभावी माध्यम है। इसलिए कृषि सखियां किसानों तक प्राकृतिक खेती की तकनीकों को पहुंचाकर इसे और अधिक सुदृढ़ बनाने में महती भूमिका निभायें। कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि कृषि सखियों का योगदान न केवल किसानों को रासायनिक खेती से बचाकर प्राकृतिक खेती की ओर ले जाएगा, बल्कि इससे मानव स्वास्थ्य एवं भोजन की गुणवत्ता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कलेक्टर ने कहा कि कृषि सखियां इस प्रशिक्षण में बताए गए प्राकृतिक खेती के तौर तरीकों को जानकारी आम किसानों को उनके खेत में जाकर सिखाएं, ताकि किसान इनसे प्राकृतिक खेती के लिए लेकर प्रेरित हों।

उपसंचालक कृषि डॉ. रामनाथ पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत ग्रामीण महिलाओं को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। इसका लक्ष्य रासायनिक मुक्त और गुणवत्तापूर्ण फसलों का उत्पादन बढ़ाना है, जिसके लिए महिला किसानों को प्रशिक्षित करके सशक्त बनाना है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ए. के. तोमर ने अपने व्याख्यान में पशुधन का प्राकृतिक खेती में महत्व विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि गाय का गोबर एवं गोमूत्र प्राकृतिक खेती का आधार है। डॉ. आर पी बेन ने भी कृषि सखियों को उपयोगी जानकारी दी।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी कृषि सखियों से चर्चा के दौरान पूंछा कि गांवों में आशा कार्यकर्ता व एएनएम आती हैं कि नहीं, समय पर बच्चों को टीका लग रहा है। इस पर सभी ने कहा कि टीका समय पर लग रहा है और स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी बराबर गांव आती हैं। कलेक्टर ने सभी से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में यदि कहीं कोई दिक्कत आ रही हो तो खुलकर बतायें। इसके पूर्व जैविक खेती के प्रगतिशील कृषक ग्राम बंडा निवासी हीरामणि हल्दकार ने कलेक्टर को जैविक सब्जियों की टोकरी भेंट की। श्री हल्दकार ने जैविक खेती की महत्ता को प्रदर्शित करते गीत का गायन किया। इस मौके पर सहायक संचालक कृषि द्वय रजनी सिंह, मनीष मिश्रा, कृषि वैज्ञानिक डॉ. आर. पी. बेन, संदीप यदुवंशी, अर्पिता श्रीवास्तव और डॉ. यतिराज खरे मौजूद रहे।

# 20 साल से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा पुलिस को एक फरार वारंटी को पकड़ने में सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय एमएससी न्यायालय कटनी कार्ड के प्रकरण क्रमांक 1132/04 धारा 457, 380 भादवी के आरोपी रिक्की उर्फ राकेश पिता लाल पुतिया बर्मन उम्र 25 साल निवासी गणेशपुर का माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 24 अगस्त 2005 को जमानती वारंट जारी किया गया था उक्त स्थाई वारंटी लगातार लुकता छुपता रहा जो पुलिस के द्वारा हर संभव प्रयास के बावजूद पुलिस के गिरफ्त में नहीं आ रहा था। दिनांक 25 सितम्बर 2025 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की स्थाई वारंटी अपने घर ग्राम गणेशपुर आया हुआ है। पुलिस को जैसे ही उसकी जानकारी मिली तत्काल थाना बड़वारा से सउनि रामनाथ साकेत एवं हमराही टीम को ग्राम गणेशपुर रवाना किया गया जो मुखबिर के बताएं अनुसार वारंटी का होलिया मिलान किया गया। पुलिस को देखकर आरोपित वारंटी द्वारा भागने का प्रयास किया गया जिस पर पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए उक्त स्थाई वारंटी रिक्की उर्फ रक्कू उर्फ राकेश पिता लाल पुतिया बर्मन उम्र 25 साल निवासी गणेशपुर को बड़ी मशक्कत से पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस ने पकड़े गए स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जिला जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उ.नि. केके पटेल, रामनाथ साकेत, विक्रम सिंह, पीआर राजकुमार सिंह, पीआर लालजी यादव, पीआर वीरेंद्र कुमार चढार, आर रवि कुमार कोरी, आर संतोष यादव, आर गौरीशंकर राजपूत, आर. शिव प्रकाश तिवारी आदि की सक्रिय भूमिका रही।

# राष्ट्र निर्माण का अद्भुद मंच है राष्ट्रीय सेवा योजना, छात्रों को दिलाया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना अपने 57 वर्ष में प्रवेश किया है। आज से ठीक 56 वर्ष पूर्व समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का उद्देश्य लेकर भारत सरकार द्वारा इस अनूठे कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया था। मात्र 40 हजार विद्यार्थियों के माध्यम से प्रारंभ हुई इस योजना को युवाओं ने एक जीवनशैली के रूप में अपनाया, जिसका प्रतिफल है की आज इसमें 40 लाख से अधिक विद्यार्थी पंजीकृत हैं। शिक्षा द्वारा समाज सेवा तथा समाज सेवा द्वारा शिक्षा का लक्ष्य लेकर संचालित इस योजना ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रभारी डॉ सपना द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना अनवरत यात्रा है जो युवाओं को समाज और देश से जोड़ता है राष्ट्रीय सेवा योजना मे युवा जब समाज के धरातल पर उतरते है तब देश की उन्नति सुनिश्चित होती है। सह कार्यक्रम प्रभारी डॉ राजेश कुशवाहा के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित जानकारियां छात्र -छात्राओं को प्रदान की गईं व राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों व महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर छात्र -छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का गान एवं अन्य गीत भी गाये गए, कार्यक्रम के अंत मे छात्र - छात्राओं को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान डॉ प्रीत नेगी, डॉ प्रीति यादव, डॉ भारती यादव, डॉ प्रतीक चौबे, डॉ बालेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, डॉ अनिल शाक्य, सुश्री प्रज्ञा तिवारी, अंजना पांडेय आदि की उपस्थिति रही।

### धूमधाम से मनाया गया माँ जगत जननी का जन्मोत्सव

# ब्रम्हा, विष्णु व महेश आदिशक्ति की शक्ति से ही करते हैं सृष्टि का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शारदेय नवरात्र पर स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे देवी भागवत नवाहयज्ञ आयोजित है जिसमे देवी कथा का वाचन पंडित दिलीप त्रिपाठी के मुखारविंद से किया जा रहा है। कथा के पांचवे दिवस शुक्रवार को माँ आदिशक्ति के जन्मोत्सव की कथा जनमानस को श्रवण कराई गई। कथा वाचक ने कहा कि असुरों के अत्याचार से देवता परेशान हो गए थे, तब देवता ब्रह्मा जी के पास गए और उनसे समाधान मांगा, तब ब्रह्माजी ने बताया की दैत्यराज को यह वर प्राप्त है कि उसकी मृत्यु किसी कुंवारी कन्या के हाथ से होगी, तो सब देवताओं ने अपने सम्मिलित तेज से देवी के इन रूपों को प्रकट किया। विभिन्न देवताओं की देह से निकले हुए इस तेज से ही देवी के विभिन्न अंग बने। भगवान शंकर के तेज से देवी का मुख प्रकट हुआ, यमराज के तेज से मस्तक के केश, विष्णु के तेज से भुजाएं, चंद्रमा के तेज से स्तन, इंद्र के तेज से कमर, वरुण के तेज से जंघा, पृथ्वी के तेज से नितंब, ब्रह्मा के तेज से चरण, सूर्य के तेज से दोनों पौरों की ऊंगलियां, प्रजापति के तेज से सारे दांत, अग्नि के तेज से दोनों नेत्र, संध्या के तेज से भौंहें, वायु के तेज से कान तथा अन्य देवताओं के तेज से देवी के भिन्न-भिन्न अंग बने हैं। फिर शिवजी ने उस महाशक्ति को अपना त्रिशूल दिया, लक्ष्मीजी ने कमल का फूल, विष्णु ने चक्र, अग्नि ने शक्ति व बाणों से भरे तरकश, प्रजापति ने स्फटिक मणियों की माला, वरुण ने दिव्य शंख, हनुमानजी ने गदा, शेषनागजी ने मणियों से सुशोभित नाग, इंद्र ने वज्र, भगवान राम ने धनुष, वरुण देव ने पाश व तीर, ब्रह्माजी ने चारों वेद तथा हिमालय पर्वत ने सवारी के लिए सिंह प्रदान किया। इन सब वस्तुओं को देवी ने अपनी अठारह भुजाओं में धारण किया। कथा वाचक ने कहा कि मां दुर्गा इस सृष्टि की आद्य शक्ति हैं यानी आदि शक्ति हैं। पितामह ब्रह्माजी, भगवान विष्णु और भगवान शंकरजी उन्हीं की शक्ति से सृष्टि की उत्पत्ति, पालन-पोषण और संहार करते हैं। आदिशक्ति के जन्मोत्सव की कथा के आनंद चहुँओर मातारानी की जयजयघोष होने लगी, ढोल-नगाड़े बजने लगे,श्रद्धालु नृत्य करने लगे, बधाई गीत गाये गए।कथा के अंत मे सायंकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया।

### पीएम स्वनिधि योजना के 230 प्रशिक्षार्थियों को दिया प्रशिक्षण

# डिजिटल लेनदेन को देने बढ़ावा देने किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भारत सरकार द्वारा नगरीय निकायों में 02 अक्टूबर तक पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत से 16 दिवसीय विशेष अभियान के तहत लोक कल्याण मेला आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। निर्देशों के परिपालन में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार नगर निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई) के प्रतिनिधि द्वारा नगर निगम के एमआईसी सभा कक्ष में संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 230 से भी अधिक संख्या में फुटकर रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को डिजिटल लेन देन हेतु प्रोत्साहित करते हुए इससे होनें वाले फायदों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को बताया कि एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण) के नियम खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत बनाए गए हैं, जो खाद्य उत्पादों के लिए विज्ञान-आधारित मानक निर्धारित करते हैं, निर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात को विनियमित करते हैं, और यह सुनिश्चित करते हैं कि मानव उपभोग के लिए सुरक्षित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो. ये नियम खाद्य व्यवसायों के लिए लाइसेंसिंग, खाद्य परीक्षण, और सुरक्षित खाद्य पद्धतियों को बढ़ावा देने के साथ ही उपभोक्ताओं को पोषण संबंधी जानकारी प्रदान करते हैं।

इस दौरान खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता के मानक, सुरक्षित खाद्य पदार्थों के संरक्षण एवं उपभोक्ताओं के प्रति जिम्मेदार व्यवहार के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य रेहड़ी-पटरी वालों को सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकर व्यवहार अपनाने हेतु जागरूक करना तथा उपभोक्ताओं के बीच विश्वास बढ़ाना रहा। सिटी मिशन मैनेजर यश रजक नें बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से न केवल विक्रेताओं को लाभ होगा बल्कि उपभोक्ताओं को भी सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य सामग्री उपलब्ध होगी।

# नगर निगम द्वारा धार्मिक स्थलों में चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम के माध्यम से आयोजित हो रहे स्वच्छता ही सेवा पर्व के तहत वर्तमान में चल रहे नवरात्र पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर रोजाना विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के तहत नगर के प्रमुख मंदिरों एवं देवालयों जालपा देवी वार्ड, खेर माता मंदिर, खेरमाई माता मंदिर, जयमाईं धाम विश्राम बाबा, घंटाघर स्थित मंदिर, गिरजा घाट मंदिर सहित अन्य मंदिरों के आसपास एवं पहुंच मार्गो सहित नगर के दुर्गा पंडालों के आसपास विशेष साफ.सफाई, चूने की लाईनिंग, कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। इसके साथ ही मंदिरों से निकलनें वाली पूजन सामग्री का एकत्रीकरण किया जा रहा है। वहीं नगर के प्रमुख जालपा देवी मंदिर में दो शिफ्ट में सफाई के साथ ही आवारा मवेशियों के नियंत्रण हेतु अतिरिक्त टीमें नियुक्त की गई है। विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं बाजार क्षेत्रों की सुचारू सफाई व्यवस्था के तहत शुक्रवार प्रातः नगर के मुख्य मार्गों के डिवाइडर सहित मिशन चौक अहिंसा तिराहा, जिला चिकित्सालय मार्ग, लक्ष्मी बाई चौराहा, व्ही आई पी रोड होते मुख्य स्टेशन मार्गए कपडा बाजार, सराफा बाजार, रूई बाजार सहित उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न स्थलों तथा एवं की सफाई कराई जाकर उपशिष्ट के उठाव का कार्य किया गया। वहीं सुगम जल निकासी की व्यवस्था हेतु वार्ड क्रमांक 2 स्थित एफसीआई रोडए, बंधवा टोला स्कूल के पास सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराते हुए अपशिष्ट का उठाव कार्य किया गया।

# शारदेय नवरात्री की धूम, शक्ति की भक्ति में ली श्रद्धालु: जिले भर में सजी मातारानी की मनमोहक झांकियां



हिण्डोरिया। श्री राम दरबार अखाड़ा



हिण्डोरिया। जय मां जगदम्बा दुर्गोत्सव समिति



हिण्डोरिया। जय अंबे समिति शास. अस्पताल


हिण्डोरिया।


पटेरिया। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति


झलौन। नवदुर्गा दुगोत्सव समिति झलौन

**हिंडोरिया।** नगर में दुर्गा उत्सव पर्व की धूम मची हुई है। पंडालों में माता रानी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। माता रानी के पट खुलते ही श्रद्धालु दर्शनों के लिए पंडालों में भीड़ लगना शुरू हो जाती हैं। देवी प्रतिमाओं के पंडालों को आकर्षक ढंग से रंग बिरंगी लाइटों से समितियों व्दारा सजाया जा रहा है। नगर में लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक देवी प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। विभिन्न पूजा समितियां द्वारा पंडालों को आकर्षक बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत की जा रही हैं। प्रशासन द्वारा सी सी टी वी कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की गई है। नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र में बिराजी नगर सेठानी, मां राम दरबार, थाना मोहल्ला, अंबेडकर वार्ड, अस्पताल परिसर, साला ठकरास, टिकुरिया मोहल्ला, ठकरास वार्ड, खैईया मोहल्ला, मरई माता, नन्ही माता आदि समस्त देवी प्रतिमाओं के दर्शनों के लिए लोगों की रोज भारी भीड़ पहुंच कर देवी मां के दर्शन कर धर्म लाभ ले रही है। अनेक जगहों पर महिला एवं पुरुष मंडलों के द्वारा देवी जी की भगतों का कार्यक्रम कर रतजगा किया जा रहा है । अनेक लोग देवी मां की भक्ति में लीन हैं और श्रद्धा भाव से 9 दिन का उपवास रखे हुए हैं। चारों ओर देवी मां की जय जयकार के नारे गूंज रहे हैं। लोगो के द्वारा घर घर पर भगवा ध्वज लगाए गए है। नित शाम को पंडालों मे आरती आयोजित की जा रही है। मुख्य बाजार क्षेत्र को भगवा ध्वजों से सजाया गया है। पूरे नगर मे भक्ति मय वातावरण बना हुआ है।

# शक्ति की भक्ति का अदभुत उल्लास भक्तिभाव से किया गरबा रास नृत्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शाम के आठ बजे, जैसे ही पीतांबरा पीठ मंदिर में महाआरती की शंखध्वनि गूंजी, गौरीशंकर मंदिर का पूरा आंगन एक मंदिर बन गया। दीपों की कतारें, जैसे आकाशगंगा उतर आई हो, और हर चेहरा-एक श्रद्धा की लौ से रोशन हो गया। सैकड़ों दीपकों की कतारें, रंग-बिरंगे परिधानों में गुरुकुल विद्यालय की छात्र-छात्राएं, एक साथ मां आदि शक्ति का आह्वान कर रहे थे। आंखों के सामने पारंपरिक गरबा करते ये प्रतिभागी कभी सूरज, स्वस्तिक, गुलाब के फूल का आकार बना रहे थे तो कभी पंखुड़ी का आकार ले रहे थे। वहां रंगों, रोशनी और भक्ति का एक मंडल बन गया। बता दें कि पीतांबरा पीठ समीति के नेतृत्व में नगर के गुरुकुल विद्यालय द्वारा गरबा का यह आयोजन पिछले कई सालों से किया जा रहा है, लगातार यह आयोजन अपनी खुशबू उपकाशी में बिखेर रही है। नवरात्रि की पंचमी शुक्रवार को भी बड़ी संख्या में माता के भक्त गरबा के इस उत्सव में शामिल होने के लिए पहुंचे। बच्चों द्वारा लगातार 2 घंटे तक गरबा डांडिया करने से अभिभावक भक्तों में नई ऊर्जा का संचार नजर आया। भक्ति और उल्लास से पूरा गौरी शंकर मंदिर केंपस सरावोर नजर आया, खासकर महिलाओं के चेहरों की खुशी और चमक देखते ही बन रही थी। लाइव म्यूजिक, गरबा व डांडिया की खनक में भक्त झूमते नजर आए। छोटे बच्चे, युवक, युवतियां, महिलाएं सब एक रंग में नजर आए, सभी ने आपसी भाईचारे का संदेश दिया। डांडिया के दौरान हे नाम रे सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरा वाली ऊंचे डेरा वाली, बिगड़े बना दे मेरे काम नाम रे...। 'पंखिड़ा तू उड़ ने जाना पावागढ़ रे' गीतों पर आकर्षक प्रस्तुति दी गई। गुरुकुल द्वारा आयोजित इस गरबा रास में भक्ति और आधुनिकता का संगम देखने को मिला।

आयोजक टीम द्वारा तय थीम बेस्ड गरबा डांस व सॉग्स पर प्रतिभागियों को आकर्षक डांस प्रस्तुति पर पुरस्कृत किया गया। गरबा का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक उमादेवी खटीक, पूर्व विधायक स्नेह सलिला हजारी, कुंवर मानवेंद्र सिंह हजारी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा एवं विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती सुमन हजारी व प्राचार्य उमा बर्दिया द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



## मां चंडी की महाआरती में देखने मिला आस्था का महाकुंभ

**हटा।** उपकाशी हटा की प्रसिद्ध मां चंडी देवी के मंदिर में शारदीय नवरात्रि की पंचमी को मां के दरबार में आस्था का महाकुंभ देखने को मिला। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने घंटों लाइन में लगकर मां के दर्शन करें। दर्शनों के लिए भक्तों को काफी इंतजार करना पड़ा, लेकिन उनके उत्साह में कोई कमी नहीं आई। इस दौरान मां के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। पंचमी को सुबह से ही भक्तों की भीड़ चंडी माता मंदिर में लगी रही जो देर रात तक जारी थी, इस दौरान लगभग हजारों भक्तों ने मां के दरबार में अपनी हाजरी लगाई। नौ रात्रि में अल सुबह मंगला आरती के बाद से ही मां चंडी के दरबार में श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। संध्याकाल में माता मंदिर आकर्षक फूलों से सजाया गया वहीं पुजारी पंडित अरुण गोस्वामी द्वारा मां चंडी का सोने चांदी के आभूषणों से अलौकिक श्रृंगार कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चन कर राधे राधे मंडल के संयुक्त तत्वाधान में संगीतमय महाआरती की गई। जिस दौरान मंदिर प्रांगण माता के जयकारों से गूंज उठा मैया चंडी के मनोहारी स्वर्ण श्रृंगार रूप की एक झलक पाने को अपार भीड़ में भक्त आतुर दिखाई दे रहे थे।

## ग्रामसभा में लिया नशा मुक्ति का संकल्प



**तेंदूखेड़ा।** जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत छिरकोना में शुक्रवार को आयोजित हुई भव्य महा सभा ने पूरे क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम कर दी। इस सभा में न केवल ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए, बल्कि जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों की मौजूदगी ने इसे विशेष महत्व प्रदान किया। सभा का मुख्य एजेंडा था – ग्राम छिरकोना को पूर्ण रूप से नशा मुक्त बनाना। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए ऐलान किया कि अब गांव में कोई भी व्यक्ति शराब या अन्य नशे का सेवन, बिक्री अथवा निर्माण नहीं करेगा। यदि कोई इस नियम का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध सामूहिक कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पंचायत छिरकोना की सरपंच श्रीमती देवी बाई गौड़, सचिव चतुर्भुज कोषटी तथा सहायक सचिव बकील सिंह लोधी भज्जू सीग मनन रैकवार मानसीग प्रभु सीग वृंदावन यादव मोनी सीग दोलत सीग राम जी राम सीग हुकम सीग और बड़ी संख्या में इस अवसर पर मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की इस पहल की सराहना की और भरोसा दिलाया कि इस मुहिम को हर स्तर पर सफल बनाने के लिए वह हमेशा साथ खड़े रहेंगे।

## सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत लगाया गया लोक कल्याण मेला



**पटेरा।** नगर परिषद पटेरा द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत दिनांक 26 सितंबर 2025 को पी.एम. स्वनिधि दिवस में लोक कल्याण मेले का आयोजन पुरानी अस्पताल मंगल भवन में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर परिषद पटेरा के अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवाल, पार्षद प्रतिनिधि हरप्रसाद चौरसिया, पार्षद पुष्पेंद्र सोनी, पार्षद कन्नू बंसल, पार्षद मगन आदिवासी एवं समस्त कर्मचारियों की उपस्थित रही। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेम सिंह चौहान ने बताया कि शासन द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत दिनांक 26 सितंबर 2025 को समय 11 बजे से शिविर लगाकर स्वनिधि दिवस का आयोजन पुरानी अस्पताल मंगल भवन में किया गया। जिसमें पथ विक्रेताओं को दिए जाने वाला प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के नवीन ऋण राशि 15 हजार , प्रथम ऋण पूर्ण करने वालों का द्वितीय ऋण राशि 25 हजार, तथा तृतीय ऋण राशि 50 हजार के नवीन आवेदन किए जाएंगे, इसके साथ ही पूर्व में स्वीकृत ऋण को वितरण कराने की कार्यवाही की जाएगी । नगर परिषद पटेरा के सभी पथ विक्रेताओं से अपील है की पीएम स्वनिधि योजना आगे भी संचालित की जाती रहेगी। नगर परिषद पटेरा कार्यालय पहुंच कर योजना का लाभ लें। नगर परिषद पटेरा द्वारा प्रतिदिन सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजन किए जा रहे हैं।

## भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर बनाने में हिंदी की भूमिका महत्वपूर्ण



**हिंडोरिया।** में हिंदी दिवस पखवाड़ा पर निबंध लेखन,भाषण एवं संगोष्ठी का आयोजन मेरा युवा भारत दमोह के द्वारा किया गया।जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य श्री महेंद्र खरे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर बनाने में हिंदी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि हिंदी को केवल शैक्षिक या औपचारिक अवसरों पर ही नहीं, बल्कि दैनिक जीवन की बोली और व्यवहार में भी अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मातृभाषा के बिना किसी भी राष्ट्र की संस्कृति और स्वाभिमान अधूरा रहता है। संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने निबंध और भाषण प्रस्तुत कर हिंदी भाषा के महत्व, इसकी समृद्धि और राष्ट्र की एकता में इसके योगदान पर अपने विचार रखे। छात्र-छात्राओं ने कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि भारतीयता की पहचान है। इस अवसर पर श्री जागेश्वर नाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंडोरिया के प्राचार्य श्री राजेश वर्मा, शिक्षक अलकेश नामदेव, तथा मिशन जन जागृति युवा मंडल के कार्यक्रम समन्वयक भी उपस्थित रहे। सभी ने अपने विचार रखते हुए हिंदी को आधुनिक तकनीक और शिक्षा के माध्यम से और सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया जिसमे निबसन्ध लेखन में प्रथम,द्वितीय ओर तृतीय क्रमशः प्रीति ठाकुर,साक्षी ठाकुर, लक्ष्मी पटैलऔर भाषण प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय, तृतीय स्थान वर्षा पटैल, इक्षा पटैल, लक्ष्मण ठाकुर ने प्राप्त किया। विद्यार्थियों को हिंदी भाषा को राष्ट्र निर्माण और आत्मनिर्भर भारत के सपने से जोड़ने का संकल्प दिलाया गया।

## घटेरा में निकली चुनरी यात्रा



**बनवार।** शारदेय नवरात्रि के पर्व पर पूरे देश में माता दुर्गा की भक्ति में भक्त डूबे नजर आ रहे हैं। इसी उत्सव के बीच ग्राम घटेरा में एक विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया, जो वन देवी मंदिर से शुरू होकर खेर माता मंदिर प्रांगण तक पहुँची। यात्रा में गांव के बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी शामिल हुए। भक्तों ने माता के भजनों और जयकारों के साथ डीजे की धुन पर उत्साहपूर्वक यात्रा की। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में हाजिरी लगाकर चुनरी चढ़ाई और उनकी आराधना की। कार्यक्रम में भोजन और प्रसादी की व्यवस्था भी मंदिर परिसर में ही की गई थी। मंदिर के पुजारी पंडित ऋषिकांत गर्ग ने बताया कि यात्रा में महिला, पुरुष और बच्चे सभी ने मिलकर इसे भव्य रूप दिया। उन्होंने कहा कि यह चुनरी यात्रा पिछले दो वर्षों से नवदुर्गा उत्सव के अवसर पर निकाली जा रही है, जिसमें पूरे क्षेत्र की खुशहाली, सुख-शांति और अमन-चैन की कामना की जाती है। ग्रामवासी बताते हैं कि चुनरी यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि गांव और क्षेत्र में सामाजिक समरसता, एकता और उत्साह का प्रतीक भी है। भक्त माता रानी को चुनरी अर्पित करके उनके आशीर्वाद से अपने परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की प्रार्थना करते हैं।

## लीनेस मैत्री क्लब का भव्य गरबा उत्सव, विविध नृत्यों से सजी रंगारंग शाम

**दमोह।** लीनेस मैत्री क्लब द्वारा गरबा उत्सव का शानदार और भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब की सदस्याएँ पारम्परिक परिधानों में सजी-धजी पहुँचकर उत्सव की शोभा बढ़ा रही थीं। माँ की आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसके बाद पूरे वातावरण में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। आरती के पश्चात गरबा की मधुर और ऊर्जावान धुनों पर सभी सदस्याएँ देर रात तक थिरकती रहीं। पारम्परिक गुजराती गरबा से लेकर टीमली तक की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। साथ ही विभिन्न तरह के नृत्यों की प्रस्तुति भी हुई, जिनका सभी उपस्थित लोगों ने भरपूर आनंद लिया। मंच पर प्रस्तुत किए गए इन विविध नृत्यों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा को भी उजागर किया। इस गरबा रास का सफल आयोजन वर्षा अरोरा, मोनिका चिले, राखी चोपड़ा और शिल्पा राव द्वारा किया गया। उनके प्रयासों से पूरा कार्यक्रम अनुशासित, आकर्षक और यादगार बना। उत्सव में सम्मिलित सभी सदस्याओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया और एक-दूसरे का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि इसमें विभिन्न धर्मों और पृष्ठभूमि से लोग शामिल हुए। सभी ने एक साथ मिलकर उल्लास और आनंद में भागीदारी की। यह दृश्य भारत की उस महान एकता और सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक रहा, जहाँ अलग-अलग परंपराओं के लोग एक मंच पर आकर एकता और भाईचारे का संदेश देते हैं। इस तरह लीनेस मैत्री क्लब द्वारा आयोजित गरबा उत्सव न केवल मनोरंजन और उत्साह का केंद्र बना, बल्कि समाज में सौहार्द, एकता और सांस्कृतिक गौरव का भी जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया।



## वैश्य महिला इकाई ने किया गरबा का आयोजन



**दमोह।** वैश्य महिला इकाई दमोह के तत्वावधान में टंडन बगीचा में गरबा का भव्य आयोजन किया गया। अल्प समय की तैयारी के बावजूद महिलाओं ने अत्यंत सुंदर एवं अनुकरणीय प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ दुर्गा की आराधना एवं पूजन-अर्चन से हुआ। इसके उपरांत आरती सम्पन्न कर गरबा की मंगल ध्वनि से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भूतपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती, रचनाकार श्रीमती चंद्रा नेमा , जिला प्रभारी श्रीमती विद्या असाटी, जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता गुप्ता, नगर अध्यक्ष श्रीमती अनीता अग्रवाल उपस्थित रहीं। साथ ही डॉ. सोनल राय व रचना कार मनोरमा रतले की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। गरबा प्रभारी श्रीमती कंचन असाटी द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया, जिसमें रमा अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन के भाईयों का भी सहयोग एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ, जिन्होंने घर बैठे ही महिला इकाई को समर्थन प्रदान किया। इस गरबा महोत्सव ने नारी शक्ति की सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक भावनाओं को अभिव्यक्त कर एक नई पहचान प्रदान की।

## माता पार्वती को 51 फीट लंबी चुनरी चढ़ाई



**बनवार।** नवरात्रि के अवसर पर बांदकपुर में एक भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई, जिसमें पूरे क्षेत्र के ग्राम वासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह यात्रा खेर माता मंदिर से प्रारंभ होकर श्री जागेश्वर नाथ धाम मंदिर तक पहुँची। यात्रा में माता पार्वती को अर्पित करने के लिए 51 फीट लंबी चुनरी को श्रद्धालुओं ने हाथों में उठाकर मंदिर तक ले जाया। यह दृश्य पूरे भक्तों में उत्साह और भक्ति का प्रतीक बन गया। यात्रा में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी शामिल हुए। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर भजन, आरती और शेर नृत्य प्रस्तुत किए गए। भक्त माता को चढ़ाने के दौरान जयकारा लगाते रहे और डीजे की भक्ति धुन पर नृत्य करते हुए यात्रा में सम्मिलित हुए। मंदिर के पुजारी ने बताया कि यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि क्षेत्र में सुख-शांति, समरसता और खुशहाली बनाए रखने का संदेश भी देती है। पिछले दो वर्षों से यह यात्रा नवदुर्गा उत्सव के अवसर पर आयोजित की जा रही है।

## मायसेम सीमेंट की तरफ से लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**दमोह।** नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत माईसेम सीमेंट कंपनी की ओर से दिनांक 25 सितंबर 2025 को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत नेंगुआ के जनपद पंचायत भवन में किया गया।। इस अवसर पर ग्राम नेंगुआ के 142 नागरिकों ने निशुल्क स्वास्थ्य लाभ लिया। इस अवसर पर कंपनी की तरफ से अजय खरे,अरविंद श्रीवास्तव,निशांत चौरसिया एवं डॉक्टर गौरव कुमार,सिस्टर कमारुनिसा उपस्थित थे। इनके अलावा नेंगुआ ग्राम पंचायत से सरपंच बलराम यादव,सचिव दशरथ पटेल,राजेंद्र प्यासी शिक्षक आदि लोग उपस्थित थे।

## पटेरा नगर में जगह-जगह सजीं माता रानी की अदभुत झांकियां, महा आरती में उमड़ रहे श्रद्धालु


पटेरा। शीतला माता दुर्गोत्सव समिति


पटेरा। कलेही माता दुर्गोत्सव समिति


पटेरा। चंडी माता दुर्गोत्सव समिति


पटेरा। अंबिका माता दुर्गोत्सव समिति


पटेरा। पुरानी अस्पताल में माता के सात स्वरूप एक साथ

### खास बातें

## पथरिया में आज होगा कवि सम्मेलन

**दमोह।** श्री तारण तरण दिगंबर जैन चेत्यालय जी में ब्रह्मचारी सदानंद जी महाराज का वर्षावास संपन्न हो रहा है इसके उपलक्ष्य में 28 सितंबर को श्री जिनवाणी पालकी शोभा यात्रा का नगर भ्रमण होगा। साथ ही शोभा यात्रा की पूर्व संध्या पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जहां स्थानीय प्रतिभाओं द्वारा प्रस्तुति होगी। वहीं बुंदेली कवि सम्मेलन का आयोजन 27 सितम्बर को रात्रि 10 बजे से होगा ,जिसमें बुंदेलखंड के कवि अश्वेंद्र सिंह , संगीत तारण बुंदेली कवि भूपेंद्र जैन अपनी कविता पाठ करेंगे, स्थानीय पाठशाला के बच्चो द्वारा नृत्य नाटिका का मंचन किया जाएगा। वही 28 सितम्बर को तारण तरण नवीन चेत्यालय जी में प्रातः मंदिर विधि धर्मोपदेश के साथ तिलक महोत्सव आरती दान प्रभावना का कार्यक्रम होगा ,कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र जैन दुआर किया जाएगा।

## कैलाश विजयवर्गीय का बयान अपमानजनक

**दमोह।** पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतन चंद जैन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जब पूरा देशवासी मातृशक्ति की आराधना नवरात्रि पर्व में कर रहे हैं । ऐसे समय में भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व राहुल जी एवं प्रियंका जी के लिए अशोभनीय एवं आपत्तिजनक टिप्पणी वास्तव में कांग्रेस के आत्म सम्मान पर सीधा आघात है। भाई बहन बहन के पवित्र रिश्ते को इस प्रकार से परिभाषित करना उनकी गंदी सोच को दिखाता है । सभी आम नागरिक एवं कांग्रेस जन इस बात की कठोर निंदा करते हैं।

### केन बेतवा लिंक को लेकर जो भ्रांतियां है वह पूर्णत: निराधार है-सांसद राहुल सिंह

# जिला सर्तकता एवं निगरानी समिति की हुई बैठक, दिये गये अहम दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सांसद खेल महोत्सव जल्द ही प्रारंभ होने वाला है और एक बड़ी मैराथन 16 नवम्बर को होगी जिसमें संपूर्ण लोकसभा के बच्चे और खिलाड़ी सम्मिलित होगे और पूरे लोकसभा क्षेत्र में 16 से लेकर 30 नबम्वर तक कबड्डी और बॉलीवॉल के खेल कराये जायेगे 01 दिसम्बर से लेकर 20 दिसम्बर तक हॉकी, बॉलीवॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, कुश्ती, हेडवॉल, टेबिल-टेनिस जैसे 10 खेल एक साथ कराये जायेगे 25 दिसंबर को पूरे भारत में जब इसका समापन होगा तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी वीडियो क्रांफेसिंग के माध्यम से समापन समारोह में सम्मिलित होगे और उसी दिन पुरूस्कारों का भी वितरण किया जायेगा। इस आशय के विचार जिले के सांसद राहुल सिंह लोधी ने जिला सर्तकता एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में व्यक्त किये। बैठक में विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, विधायक हटा उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे एवं सदस्यगण मौजूद थे।

सांसद राहुल सिंह लोधी ने बैठक में कहा केन-बेतवा लिंक को लेकर जो लोग भ्रांतियॉ है वह पूर्णतः निराधार है, खड़ेरा और रमगढ़ा और कौआखोह में व्यारमा परियोजना पन्ना एवं दमोह जिले की व्यारमा नदी पर बनना प्रस्तावित है, अभी केवल सर्वे के आदेश हुए हैं। उन्होंने



कहा यह जो जलभराव होना है यह जलभराव जब नदी ऊफान पर आती है तो उसके बीच का एरिया जो रहता है उस लेवल तक आना है, कितने गांव प्रभावित हो रहे हैं कितने गांव में पानी पहुंचेगा, कितने गांव विस्थापित होना है, अभी कुछ तय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा मेरा आग्रह है कि अभी इसमें समय लगेगा। अभी सर्वे होगा और सर्वे होने के बाद चीजे तय होगी तो अधिक से अधिक गांव में पानी पहुंचे, विस्थापन कम से कम हो उसको लेकर सुनिश्चित करेंगे और यह पूरी योजना तैयार हो रही है और अगले 3-4 महीने में तैयार होगी उसके बाद ही कह पाएंगे तो इसमें किसी की बातों में लगने की जरूरत नहीं है और ना हमें किसी भ्रम में पढ़ने की जरूरत है।

सरकार ने पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया है कि किसी भी प्रकार की किसी को क्षति ना हो, किसी को हानि ना हो और जो नदी से सटे ग्राम है वहाँ पर कितना एरिया आयेगा इसकी भी चिंता कर रहे हैं तो मेरा सभी से आग्रह है कि इंतजार करें ऐसा किसी प्रकार कर कोई कार्य नहीं होगा।

सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा अमृत सरोवर की रिपोर्ट आ गयी है जल्द ही जो दोषी होंगे उन पर कार्यवाही की जायेगी। पथरिया में पीएचई द्वारा नल-जल योजना के अंतर्गत कार्य किया गया, हमने तय किया था जिनमें भी गुणवत्ता विहीन कार्य हुए हो उन पर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा गुणवत्ता विहीन कार्य किया है उन पर कार्यवाही की जायेगी । सांसद श्री राहुल सिंह ने कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा है कि जिस तरह से खरीफ बीजों का वितरण जनप्रतिनिधियों की गरिमा में मौजूदगी में कराया गया इस तरह रबी फसल के बीजों का वितरण भी इसी तरह सुनिश्चित कराया जाए।

उन्होंने कहा जिस प्रकार से सड़क का काम लगा हुआ है वह बेहतर हो जाये और बरसात बंद होने वाली है, जो नदियां उफान पर थी वह धीरे-धीरे करके उनका बहाव कम हो रहा है, तो जितने भी जिले में स्टॉप डेम है, सभी स्टॉपडेम में गेट लग जाएं और यह सुनिश्चित हो जाए व पानी रुकने का काम हो जाए। हमारे यहां का जो महुआ है उसके द्वारा निर्मित कुकीज, बिस्किट, लड्डू जल्दी यहां बनना प्रारंभ होंगे। जो वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी का जो संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी चल रहे हैं उसका शुभारम्भ हमारे जिले से होगा।

बैठक में विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया ने सीतानगर क्षेत्र के स्थित ग्रामों में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये कहा। उन्होंने अन्य विकास कार्यो के संबंध में बात रखी। तेन्दूखेड़ा पेयजल परियोजना के संबंध में चर्चा कर संबंधित एजेंसी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को इसमें कोअर्डिडेट करने के लिये कहा। इस दौरान दिशा के सदस्यों ने भी अपने विचार रखे।

बैठक में सांसद श्री लोधी ने विकासखंड जबेरा के अंतर्गत छूटे हुए मजरे टोलों का सर्वे पूर्ण कर प्रस्ताव शीघ्र भेजने के निर्देश दिये। ज्ञातव्य है कि कुछ मंजरे टोले पेयजल योजना में छूट गए थे। पीएचसी बांदकपुर में डॉक्टर की उपलब्धता के संबंध में दिए गए निर्देश के अनुसार यहां पर दो डॉक्टरों की प्रतिस्थापन कर दी गई है यहां पर डॉक्टर रंजीत और डॉक्टर राय अपनी सेवाएं दे रही हैं।

हृदयपुर पंचायत में तालाब में बेस्टवियर के संबंध में सीईओ जनपद पंचायत ने बताया कि तालाब में कच्ची नाली की खुदाई का कार्य किया गया है जिससे पानी निकासी सुचारू रूप से होने लगी है वर्तमान में वहां पर जल भराव जैसी स्थिति अब नहीं है।

### षड्दर्शन के बोध एवं यज्ञ के अनंग में समाहित शक्ति ही कात्यायनी

# कृत कर्मो की साक्षी मां कात्यायनीः श्री भगवान

**दमोह।** त्रिकाल में किये कर्मों की साक्षी होने से साधक के सत, चित, आनंद रूप की अधिष्ठात्री मां कात्यायनी हुई , भाव में प्रफुल्लित करने की शक्ति जिसे आपने ओर खींचे और मन सहज जिसके आंचल की छांव में आनंद की चाह पूर्ण करने को उद्धत हो वही कात्यायनी देवी दुर्गा के छठवें अंश में प्रगट हुई । जीवन में जब कर्म विपाक सामने आ के जीव को भटका देता है ऐसे में अपने कार्यों को कर्म न समझ कर सद्कर्मों के लिए प्रेरित हो एक ऋषि ने तपस्या प्रारंभ की जिससे कात्य ऋषि के घर उत्पन्न हुई देवी या "कात्यायन गोत्र₹ में जन्मी ₹शक्तिरूपा" ही कात्यायनी कहलाई । कात्यायन की गोद में एक पुत्री का जन्म मानो ऐसे जिसने संपूर्ण विश्व को नियंत्रित किया अपनी मुदिता से इसलिए पतंजलि को कहना पड़ा ।

मैत्रिकुरुणा मुदितोपेक्षाणां
सुखदुःखपुण्यपुण्यविषयानं
भावनातश्चित्प्रसादनम॥

मैत्री करुणा मुदिता और उपेक्षा जिसमें उपासक सुख की वस्तु के प्रति मित्रता, दर्द के प्रति करुणा, सद्गुण के प्रति आनंद, और बुराई के प्रति उपस्थिति ही मानव की


श्रीभगवान वेदांताचार्य
महंत, साकेत धाम दमोह

सफलता का कारण बनता है। चित्त का स्पष्टीकरण अभ्यास में समाहित है। ऐसा कहते हुए महंत श्रीभगवान आगे कहते है जिसमें शास्त्रीय विधान के साथ दैवीय कृपा समाहित हो। कात्यायनी का स्वरूप केवल युद्ध और शक्ति का नहीं, बल्कि न्याय, धर्म और सत्प्रेरणा का भी प्रतीक है जब महिषासुर से युद्ध विराम के पश्चात ज्ञान की अविरल धारा में मानो षड्दर्शन प्रवाह ही आ गया हो, मार्कण्डेयपुराण के अनुसार जिसकी कृपा से सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा और वेदान्त रूपी ज्ञान प्रगट हो कर अपने प्रणेता आचार्य के रूप में गौतम, कणाद, जैमिनि,कपिल, पतंजलि, बादरायण ने अक्षर विज्ञान की आधार शिला को समाज में स्थापित किया बही वास्तव में कृत हुआ । जो करने योग्य हो उसे कृत के रूप में परिभाषित करते हुए श्रीभगवान वेदांताचार्य रसिक जी पुनः कहते है कि नवरात्रि के छठवें दिन उत्पन्न इस माता ने वैदिक वांग्मय में षड्दर्शन प्रवाह की दार्शनिक विवेचना के लिए अपने पिता कात्य का वचन स्वीकार किया, और उन्हीं के समान तेजस्वी छः ऋषियों की एक दिव्य शक्ति युगीय व्यवस्था के अंतर्गत सौंप दी, जिससे युद्ध पर्यन्त यज्ञ के अनंग में ज्ञान पलता रहे। जिसका पोषण ब्रह्म विद्या में सहायक हो और हम नव दिन में ६४ कलाओं जिसमें ६४ ही योगिनी शक्तियां भी प्रसन्न हो जाती एवं साधक को आशीष दे उसे विद्या में प्रवीण बना देती है । नव समाज के निर्माण करने में परम्परा का निर्वहन सुगम प्रतीत होता और वैदिकता भी शिरोधार्य रहती जब हम केवल समर्थ के छांव में विराम को प्राप्त न होकर सिद्धांतिक मापदंडों को पूरा करने में सक्षम हो जाएं और निज आचरण को अपना हथियार बना ले तब यह नवरात्रि पर्व मनाना सार्थक हो जाए ।

## मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्नेहा सिंह ने किया निरीक्षण



**दमोह।** 25 सितम्बर को न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्नेहा सिंह द्वारा जिला जेल दमोह का औचक निरिक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने महिला एवं पुरूष बैरकों का निरीक्षण कर उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी ली साथ ही बैरिकों का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बंदियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की, जेल अस्पताल का निरीक्षण किया सभी व्यवस्थाएं ठीक पायी गयी। जेल अधीक्षक श्री सी.एल. प्रजापति द्वारा बंदियों के लिये जेल में चल रही सुधारात्मक गतिविधियों के बारे में बताया। साथ ही जेल में परिरूद्ध बंदियों को जेल नियमों के अनुसार अनुशासन में रहने की सलाह दी। इस दौरान जेल अधीक्षक सी.एल. प्रजापति, सहायक जेल अधीक्षक रोहित सिंह एवं अन्य जेल स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### दीनदयाल जयंती पर विशेष कार्यक्रम

# श्रमदान, वृक्षारोपण कर दिलाई स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

दीनदयाल जयंती पर पटेरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत धनगुवां में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जनपद स्तरीय विशेष कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक उमा देवी खटीक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जनपद अध्यक्ष मल्लो बाई आदिवासी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रही। विधायक प्रतिनिधि भरत पटेल एवं खिलान सींग, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र यादव की उपस्थिति उल्लेखनी रही। कार्यक्रम ग्राम पंचायत धनगुंवा के अंतर्गत ग्राम कालाकोट में आयोजित किया गया। सरपंच सियारानी यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में क्षेत्र के पंच सरपंच, भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्र व ग्राम के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भारत माता एवं दीनदयाल जी के चित्र पर अतिथियों के माल्यार्पण के पश्चात





विधायक ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत श्रमदान किया। सभी अतिथियों ने भी श्रमदान में अपनी सहभागिता निभाई। सरपंच प्रतिनिधि जाहर सींग यादव ने सभी का स्वागत किया। प्राथमिक शाला काला कोटा में विधायक श्रीमति खटीक व अतिथियों ने एक पेड़ माँ के नाम पर पौधा रोपण किया। विधायक उमादेवी खटीक ने सभी जनो को स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छ भारत मिशन पटेरा विखं सतन्वयक भगवती प्रसाद चौधरी ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विशेष जानकारी दी। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह, उत्तम सींग, जगदीश यादव, मन्नू राजा सहित लोगों की भीड़ रही। कार्यक्रम व्यवस्था में पवन जैन, ग्राम पंचायत सचिव दुर्गा प्रसाद दुबे, सहसचिव राकेश राय का सराहनीय सहयोग रहा। अंत में आभार सरपंच प्रतिनिधि जाहर सींग यादव ने माना।

# रंगारंग आतिशबाजी के साथ होगा रावण दहन

**दमोह।** प्रतिवर्ष अनुसार श्री राम जी सेवा समिति दमोह का 45 वें वर्ष में भव्य रावण दहन कार्यक्रम 1 अक्टूबर 2025 दिन बुधवार को तहसील मैदान पर गोधूलि बेला से प्रारंभ होकर रात्रि 10:30 बजे तक श्री राम जी सेवा समिति के महामहिम अध्यक्ष पवन पुत्र हनुमान जी की अध्यक्षता में संपन्न होगा, जिसमें रंगारंग आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा तत्पश्चात प्रभु श्री रामजी अग्निबाण से पचास फीट ऊंचे अहंकार और अधर्म के प्रतीक रावण के पुतले का दहन कर यह संदेश देंगे की हमेशा असत्य पर सत्य की जीत होती है, अधर्म पर धर्म की जीत होती है, अहंकार का अंत होता है। श्री राम जी सेवा समिति दमोह के सेवादार रघुवीर गुप्ता, सुनील राय, प्रभात राजपूत और अनुनय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार अनुसार मोरगंज गल्ला मंडी से भगवान श्री राम अपने विजयी रथ पर सवार होकर तहसील ग्राउंड पहुंचेंगे, जहां राम रावण का घनघोर युद्ध आतिशबाजी के साथ होकर रावण दहन कार्यक्रम संपन्न होगा। इस वर्ष उरई जालौन उत्तर प्रदेश से आए कारीगर रावण के पुतले और रंगीन आतिशबाजी का निर्माण कर रहे हैं। इस अवसर पर श्री राम जी सेवा समिति के द्वारा दमोह की धर्म प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में तहसील मैदान पर उपस्थित होने की अपील की है।

# सेवा में कमी का आरोप खारिज

### उपभोक्ता फोरम ने दुकानदार को दी राहत

**दमोह।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने एक मामले में दुकानदार की सेवा में कमी नहीं मानते हुए परिवादी का परिवाद खारिज कर दिया। मामले में परिवादी जितेंद्र यादव ने 2016 में सिंह हार्डवेयर हाउस से 500 लीटर की पानी की टंकी खरीदी थी और 10 साल की गारंटी का दावा किया था। आरोप था कि गारंटी अवधि समाप्त होने से पहले टंकी में लीकेज हो गया और दुकानदार ने बदलने से मना कर दिया। अनावेदक सिंह हार्डवेयर हाउस की ओर से अधिवक्ता राजीव बद्री सिंह ठाकुर ने तर्क दिया कि परिवादी ने न तो खरीद का कोई दस्तावेज़ प्रस्तुत किया और न ही निर्माता कंपनी को पक्षकार बनाया। साथ ही, यदि टंकी खराब थी तो नौ वर्षों तक उसका उपयोग कैसे हुआ, यह भी स्पष्ट नहीं किया। अध्यक्ष ऋषभ कुमार सिंघई और सदस्य राजेश कुमार ताम्रकार की पीठ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद निर्णय दिया कि अनावेदक की सेवा में कोई कमी नहीं पाई गई, इसलिए परिवादी का दावा निरस्त किया जाता है।

### नामदेव परिवार में हुई बड़ी चोरी की वारदात, जेवरात सहित नगदी ले गए अज्ञात बदमाश, गाड़ी छोड़कर भागे चोर

# चोरों ने तेजगढ़ में पांच जगह किया चोरी का प्रयास, 3 जगह रहे सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

जिले के तेजगढ़ थाना कस्बा में गुरुवार दरमियानी रात बस स्टैंड के पास चोरी की बारदात को अज्ञात बदमाशों ने अंजाम दिया है। बदमाशों ने पांच जगह चोरी करने की कोशिश की लेकिन चोरी करने में असफल रहे। एक जगह बस स्टैंड पतलोनी तिग्गड़े के पास सुनील पिता भरत लाल नामदेव के घर मे घुसकर चोरी की गई। सुनील नामदेव ने बताया कि चोर रात लगभग 1से 2बजे के बीच पीछे तरफ की दीवाल से चढ़कर उपर के कमरों में अंदर आये हैं। ऊपर जीना से उतरकर अंदर आये हैं और अंदर कमरे में रखी पेटी को लेकर बाहर ले जाकर पेटी को तोड़कर उसमें रखे जेबर ओर नगद रुपये ले गए हैं।और मेरा पेंट भी तकिया के पास से ऊपर ले जाकर रख दिया वही बदमाशों की तौलिया भी छूट गई है।जो लाल रंग की है। पेटी में पांचाली, झुमकी, पेंडल, मंगलसूत्र, चार जोड़ी चांदी की पायल रखी हुई थी।जो बदमाश लेकर भाग गए। हम लोगों ने सुबह उठकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वहीं वार्ड नंबर 12 में तेजगढ़ जैन समाज के अलग-अलग परिवारों में चोरों ने चोरी करने की कोशिश की देवेंद्र कुमार जैन पिता लालचंद जैन के घर से कूलर पर रखें पर्स से 9 हजार निकाल कर भागे वही सौरभ प्रताप तुलसी जैन के पेट से ₹800 चोरी करके भागे तभी सौरभ की बहन को टच किया तो बहन ने चिल्लाया ओर अंधेरे के कारण पहचान नहीं कर पाए वहीं बस स्टैंड के आगे वैशाली मराठा के घर में घुसने का प्रयास किया। वहां पर महिला जाग रही थी ओर उन्होने चिल्लाया तो गाड़ी छोड़कर वहां से बदमाश भाग निकले। बस स्टैंड शंकर भगवान के चबूतरे के सामने चंद्रभान ठाकुर के घर में भी चोरी करने की कोशिश की। गाड़ी तेजगढ़ थाने में रखवाई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है एवं सीसीटीवी कैमरा को भी खंगाला जा रहा है।

प्रधान आरक्षक रघुराज से आरक्षक देवराज कुर्मी जगह-जगह के कैमरे चेक कर रहे हैं एवं संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। बताया जा रहा है कि जो बदमाश गाड़ी छोड़कर वैशाली मराठा के मकान के सामने भागे थे वह गाड़ी हीरो कंपनी की ग्लैमर गाड़ी है सिहोरा थाना क्षेत्र के किसी गांव से गाड़ी चोरी हुई है। जिसकी रिपोर्ट सिहोरा थाने में दर्ज है।गाड़ी चोरी की बताई जा रही है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों की तलाश जा रही है। गाड़ी के संबंध में भी जानकारी ली जा रही है।

# मौसम ने फिर ली करवट एक घंटे हुई तेज बारिश

### 11 केबी लाईन पर पेड़ गिरने से विद्युत सप्लाई रही ठप्प

**सिंग्रामपुर।** नो दुर्गा के पावन अवसर चल रहा है वही मौसम का मिजाज हर दिन बदलता हुआ दिखाई दे रहा है कभी धूप तो कभी छांव खेल के बीच आसमान पर छाए बादलों के बीच अचानक से तेज तूफान जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। शुक्रवार की दोपहर अचानक मौसम में करवट ली तूफान के साथ 1 घंटे की बरसात में नगर में पानी पानी कर दिया वहीं तेज और तूफान ने विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई ग्राम में रानी दुर्गावती पार्क के पीछे पेड़ की डिगार 11 केबी लाइन पर गिरने से कई घंटों विद्युत सप्लाई ठप्प रही। बिजली आपूर्ति बंद होने की वजह से उमस भरी गर्मी से लोगो को पसीना पसीना होना पड़ा स्थानीय लोगों ने बताया दोपहर में आसमान में छाए,बादलों ने आंधी के साथ गरज चमक से हुई ने कुछ समय के लिए अंधेरा छाया गया था इसी दौरान तेज बारिश कार्यक्रम शुरू हुआ। पानी गिरने से किसानों को खिले चेहरे।